तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 4 नवंबर 2024

8 मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार...



9 पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत, बिगड़ती कानून ...





## खबर संक्षेप

### मछली पकड़ने गए बालक की मिली लाश, मर्ग कायम

**कांकेर**। परतापुर थानांतर्गत कोटरी नदी के किनारे एक बालक की लाश मिली। परतापुर निवासी 13 साल बालक रविकांत अरवास गांव में ही कोटरी नदी में मछली पकड़ने गया था। शाम तक जब बालक वापस नहीं आया तो परिजन उसकी तलाश में निकले। बालक की लाश नदी के पास पाई गई। मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### ग्रामीण ने लगाई फांसी, मर्ग कायम

**कांकेर**। कोतवाली अंतर्गत ठेलकाबोड़ में एक ग्रामीण ने फांसी लगा खुदकुशी कर लिया। ठेलकाबोड़ 55 साल निवासी ग्रामीण सालिक राम मरकाम द्वारा फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### गुमशुदा महिला की मिली लाश, मर्ग कायम

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत ग्राम करिहा में गुमशुदा महिला की लाश मिली। महिला सप्ताह भर पहले से घर से लापता थी। महिला ने खेत में फांसी में लटककर आत्महत्या कर ली। ग्राम करिहा की रामेश्वरी जुर्री 55 वर्ष 23 अक्टूबर को घर से लापता थी। परिजन महिला की खोजबीन में जुटे हुए थे। लापता महिला की कोई जानकारी नहीं होने पर परिजनों ने 28 अक्टूबर को महिला रामेश्वरी जुर्री के संबंध में चारामा थाना में गुमशुदा का मामला दर्ज कराया था। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई थी। 3 नवंबर को परिजनों को जानकारी हुई कि रामेश्वरी जुर्री की लाश खेत के पास मिली हुई। परिजनों ने जाकर देखा तो रामेश्वरी जुर्री ने गांव में खेत के पास पेड़ में फांसी में लटककर आत्महत्या कर लिया है एवं परिजनों ने कपड़ा से पहचान किया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

### भाजपा मंडल चुनाव के लिए संगठन सहयोगी और सह सहयोगियों के नामों की घोषणा की

**कांकेर**। भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन की जिला चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा लक्ष्मी वर्मा ने अपने सह चुनाव अधिकारी द्वय पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले व हलधर साहू के साथ जिला समन्वय समिति के संयोजक व भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया एवं समन्वय समिति के सदस्यों की सहमति से मंडल के आगामी संगठन चुनाव के लिए मंडल संगठन सहयोगी और सह सहयोगी की घोषणा किया है। जिला चुनाव अधिकारी के द्वारा विधानसभा कांकेर के अंतर्गत आने वाले मंडल कांकेर शहर के लिए मंडल संगठन सहयोगी मोनिका शाहा और सह सहयोगी देवेंद्र सिंह भाऊ होंगे। कांकेर ग्रामीण मंडल संगठन सहयोगी ब्रजेश चौहान और सह सहयोगी ईश्वर कावड़े, सरोना मंडल संगठन सहयोगी राजीव लोचन और सह सहयोगी तारा ठाकुर, नरहरपुर मंडल संगठन सहयोगी महेश जैन और सह सहयोगी अनिरूद्व साहू, धनेलीकन्हार मंडल संगठन सहयोगी नंद कुमार ओझा और सह सहयोगी मोतीराम नाग को बनाया गया है। विधानसभा भानुप्रतापपुर के अंतर्गत आने वाले मंडल हाराडुला मंडल संगठन सहयोगी दिलीप जायसवाल और सह सहयोगी रघुनंदन साहू, चारामा मंडल संगठन सहयोगी गौतम उइके और सह सहयोगी ढाल सिंह सिन्हा, कोरर मंडल संगठन सहयोगी शालिनी राजपूत और सह सहयोगी अनूप राठौर, भानुप्रतापपुर मंडल संगठन सहयोगी विजय कुमार मंडावी और सह सहयोगी रत्नेश सिंह, दुर्गुकोंदल मंडल संगठन सहयोगी सर्वेश चौहान और सह सहयोगी अशोकर कुमार को बनाया गया है।

# कांकेर में धर्मांतरित हुए लोगों को वापिस आने के लिए संदेश देने आया हूं : पंडित धीरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ कांकेर पहुँचे बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र शास्त्री का अलबेलापारा हेलीपेड में भाजपा नेताओं और श्रद्वालुओं व सर्मथकों ने स्वागत किया। उसके उपरांत उनका काफिला हेलीपैड से सीधे भुवनेश्वरी माँ पहाड़ा वाली मंदिर में पहुँचा। मंदिर परिसर में अखंड ज्योत प्रज्वलित किया।

बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र शास्त्री कांकेर दोपहर को ढाई बजे पहुँचने वाले थे, परंतु सायं 4 बजे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ हेलीकॉप्टर से शासकीय भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज स्थित हेलीपैड में आगमन हुआ। उन्होंने चलते चलते मीडिया से बात करते हुए कहा कि सनातन के प्रचार प्रसार के लिए कांकेर के भुवनेश्वरी माँ पहाड़ा वाली आश्रम में आएं है। धर्मांतरण को लेकर जो कांकेर में हुआ है, धर्मांतरित लोगों को वापिस बुलाने आया हूँ।

## बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री ने किया अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित





### ये रहे उपस्थित

*हेलीपैड में भाजपा के सांसद भोजराज नाग, विधायक आशाराम नेताम, दिलीप जायसवाल, जयंत अटभैया, महेश जैन, भरत मटियारा, संजय सिन्हा हेलीपेड में स्वागत किया। स्वागत के उपरांत से सीधे श्रीरामनगर में स्थित भुवनेश्वरी माँ पहाड़ा वाली मंदिर पहुँचे और वहाँ पर अखंड ज्योत प्रज्वलित किया। उसके उपरांत शतचंडी महायज्ञ में शामिल हुए। इस अवसर पर मां भुवनेश्वरी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष परसराम जैन के अलावा समिति से जुड़े उपस्थित रहे। इसके उपरांत समाचार लिखे जाने तक नरहरदेव शासकीय मैदान में आयोजित कथा वाचन कार्यक्रम शुरू नहीं हो पाया था।*

## विरोध : कुछ शासकीयकर्मी ग्रामीणों से करा रहे धरना प्रदर्शन

# चावल खत्म होने से महिलाएं गांव वापस जाने की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के कोटमसर गुफा के गेट में अपने फायदे के लिए कुछ शासकीय कर्मचारियों ने धरना में नहीं होने पर 2000 रुपए का अर्थदंड लगेगा। इस तरह की धमकी देकर ग्रामीणों को धरना- प्रदर्शन में शामिल करने विवश कर रहे हैं। धरने में बैठी कुछ महिलाओं ने बताया कि दो शासकीय कर्मचारी ने उन्हें लाया है। धरने के लिए चावल दिया था जो समाप्त हो गया अब वे लोग वापस अपने गांव जाने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि धरना प्रदर्शन में महिलाएं ही बैठी हैं।



उद्यान से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीसरे दिन रविवार को भी विरोध के चलते पर्यटक कोटमसर गुफा नहीं जा पाए, पर कैलाश गुफा में आज पर्यटक आसानी से पहुंचे। बताया जा रहा है कि उद्यान के पर्यटकों को भ्रमण हेतु संचालित जिप्सी काउन्टर वर्ष 2017 से कोटमसर, तीरथगढ़ बैरियर से संचालित किया जा रहा था। किसी कारणवश वर्ष 2023 में केवल 8 माह के लिए कोटमसर ग्राम में संचालित किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित रूट लगभग 13 किमी है, जो उस रूप पर पूर्ण भ्रमण 26 किमी पड़ता है। उक्त निर्धारित रूट का शासन द्वारा 2400 रुपए, जिसमें 1800 रुपए जिप्सी, 300 रुपए गाइड, 300 रुप बयोडार्यवसटी शुल्क निर्धारित किया गया है। कोटमसर ग्राम से जिप्सी संचालन किए जाने पर पर्यटकों को कोटमसर से कोटमसर गुफा लगभग 4.5 किमी ही भ्रमण कराया जाता है। जिसका जिप्सी किराया 1800 रुपए एवं गाइड द्वारा 20 मिनट का समय पर्यटकों दिया जाता है, इसका शुल्क 300 रूपए लिया जाता है जो उचित प्रतीत नहीं होता है। ना ही शासन द्वारा इस रूट के लिए अनुमति नहीं है। निर्धारित रूट चार्ट के आधार पर ही जिप्सी शुल्क निर्धारित किया गया है। निर्धारित रूट के अतिरिक्त अन्य मार्ग एवं गेट परिवर्तन से पार्क में प्रभाव पड़ेगा। पार्क क्षेत्रो में डीजल वाहनों का प्रवेश वर्जित है, अत्यधिक डीजल वाहनों चलने से वन्यप्राणियों तथा वन सम्पदा को विपरित प्रभाव पड़ता है। प्रति दिन पार्क क्षेत्र के अंदर 200 से 300 वाहन एवं बसों के प्रवेश होने से पार्क क्षेत्र के कच्ची रोड बहुत ही क्षतिग्रस्त हो रहा है। अनियमित वाहनों एवं पर्यटकों के प्रवेश से राष्ट्रीय उद्यान में पाए जाने वाल जैव विविधता प्रभावित हो रहा है। जिप्सी काउंटर कोटमसर, तीरथगढ़ बैरियर नीचे नाका से संचालित किया जाएगा तो 26 किमी तक जिप्सी सफारी में भ्रमण के मार्ग में वन्यजीव एवं प्राकृतिक सौंदर्य आनंद पर्यटक जिप्सी में बैठे-बैठे ले पाएंगे, जिससे वन्यप्राणीयों की सुरक्षा एवं वैज्ञानिक प्रबंधन प्रभावी होता है।

### ग्रामीणों को कर रहे उत्प्रेरित

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने शासकीय कर्मचारी ग्रामीणों को उत्प्रेरित कर कोटमसर गुफा गेट में विरोध करा रहे हैं। शासन के निर्देश पर ही टिकट काउंटर किया गया है, जिससे पर्यटकों को राहत मिलेगी और उद्यान को राजस्व मिलेगा।

# हाटकोंदल में शोभा यात्रा निकाल कर किया गौरी-गौरा का विसर्जन



**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हाटकोंदल में दीपावली पर्व पर गौरी गौरा विवाह का पर्व मनाया गया। दीपावली की रात गुरुवार को यादव समाज के लोग एवं गांव के लोग भी उपस्थित रहे और परंपरा से गौरी-गौरा विवाह का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मिट्टी के बने गौरी-गौरा, जिन्हें शिव-पार्वती का प्रतीक माना जाता है और उन्हें स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। लोक गीतों और नृत्य के बीच उनका विवाह कराया गया वहीं शनिवार को गौरी-गौरा का विसर्जन के लिए शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में हरिराम यादव, राकेश सलाम, लालतू यादव ग्राम पटेल, गेंद सिंह ठाकुर, गोकुल दरों, कलीराम यादव, बीरू यादव, ललित हिड़को एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# बहनों ने भाइयों को तिलक लगा की दीर्घायु की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अंचल में धूमधाम से मनाया गया भाई दूज

भाई-बहनों का पर्व भाईदूज बस्तर के विभिन्न शहरों और कस्बों में धूमधाम से मनाया गया। बस्तर के किरन्दुल,बचेली से लेकर बीजापुर, भोपालपटनम और सुकमा, कोंटा से लेकर कोंडागांव, नारायणपुर, केशकाल और कांकेर में मनाया गया। बहनें भाई के दीर्घायु के लिए तिलक लगाकर भगवान से प्रार्थना करती हैं। वही भाई भी बहन की सुरक्षा का संकल्प लेकर उसे भेंट प्रदान करता है। आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के मुताबिक कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया को



यम द्वितीया या भाई दूज के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसे यमराज से मुक्ति का पर्व माना जाता है। पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि की शुरुआत 2 नवंबर, को रात 8 बजकर 21 मिनट पर हो चुकी है। वहीं इस तिथि का समापन 3 नवंबर को होगा। पंचांग के आधार पर इस साल भाई दूज का त्योहार रविवार को मनाया गया।

# प्याज व लहसुन महंगा होने से रसोई का बजट प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के साप्ताहिक बाजार में रविवार को प्याज एवं लहसून महंगा होने से गृहणियों के रसोईघर का बजट प्रभावित हो रहा है। बाजार में भट्टा 30, बरबटी 40, भटटा 40, करेला 50, आलू 40, प्याज 60-70, अदरक 200, लहसून 400, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30 रुपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 12, पालकभाजी 20 रुपए में 17 जूड़ी बिक रहा है।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल, दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बलरामपुर की घटना आत्महत्या नहीं हत्या : मौर्य

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर-ग्रामीण द्वारा दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कामानार में बलरामपुर में पुलिस प्रताड़ना से पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत व प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य की उपस्थिति में दरभा ब्लॉक के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। श्री मौर्य ने कहा, बलरामपुर में पुलिस की कस्टडी में



युवक गुरूचरण मंडल की मौत हो गयी। चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया। मृतक के शव को थाने से अस्पताल ले जाते उसके पिता ने देखा लेकिन उसके मौत की जानकारी थाने में उनको क्यों नहीं दिया गया। धरना प्रदर्शन में मुन्ना लाल कश्यप, तुला राम कश्यप, जयदेव नाग,बलिराम कश्यप, महादेव नाग, रविशंकर तिवारी, उस्मान रजा, बोनो मौर्य, जयराम नाग, राजू सोढ़ी, ▶▶| शेष पेज 8 पर

## छठ महापर्व में छठी माता और सूर्यदेव की होती है पूजा

# आस्था का महापर्व छठ कल से, 8 को होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- डढ़िया तालाब और कंकालिन मंदिर के तट पर मनाया जाएगा

छठ महापर्व षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला पर्व है, जो बेहद कठिन है। यह पर्व नियम संयम और तपस्या का पर्व है जो चारों दिनों तक चलता है, लेकिन इसकी तैयारी हफ्ते पहले से ही शुरू हो जाती है। छठ पर्व मूल रूप से बिहार और पूर्वांचल से शुरू हुआ माना जाता है, लेकिन अब यह भारत के अलग अलग राज्यों में और विदेशों में भी मनाया जाने लगा है और बिहार और पूर्वांचलवासी ही नहीं अन्य क्षेत्रों में रहन वाले लोग भी अब छठ पर्व के प्रति आस्थावान होकर छठ व्रत करने लगे हैं। इस साल यह पर्व 5 नवंबर से शुरू हो रहा है और 8 नवंबर तक चलेगा। इस पर्व पर कांकेर में डढ़िया तालाब और कंकालिन मंदिर के तट पर मनाया जाता है।



हिंदू मान्यता के अनुसार इस दिन षष्ठी देवी की पूजा की जाती है, जिन्हें ब्रह्मा की मानस पुत्री के रूप में भी जाना जाता है। कुछ जगहों में इन्हें छठी माता के नाम से भी जानते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार वैदिक काल में यह पूजा ऋषियों द्वारा की जाती थी। मान्यता है कि छठी माता की पूजा करने से धन-धान्य की प्राप्ति होती है और संतानों की रक्षा करती हैं, जो दंपत्ति अपने जीवन में संतान सुख की प्राप्ति चाहते हैं, उनके लिए छठ पूजा अत्यंत आवश्यक माना गया है। छठ पर्व मुख्य रूप से षष्ठी तिथि को किया जाता है। लेकिन इसका आरंभ नहाय खाय से हो जाता है यानी छठ पर्व शुरुआत में पहले दिन व्रती नदियों में स्नान करके भात,कद्दू की सब्जी और सरसों का साग एक समय खाती है। दूसरे दिन खरना किया जाता है जिसमें शाम के समय व्रती गुड़ की खीर बनाकर छठ मैय्या को भोग लगाती हैं और पूरा परिवार इस प्रसाद को खाता है।

### छठ पूजा की तिथियां

नहाय खाय (5 नवंबर 2024) : छठ पूजा के पहले दिन, श्रद्धालु नदी या तालाब में स्नान करते हैं और केवल शुद्ध और सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं।

खरना (6 नवंबर 2024) : दूसरे दिन, व्रती दिन भर निर्जला उपवास रखते हैं। शाम को पूजा के बाद प्रसाद के रूप में खीर, रोटी और फल खाए जाते हैं।

संध्या अर्घ्य (7 नवंबर 2024) : तीसरे दिन, व्रती सूर्यास्त के समय नदी या तालाब के किनारे जाकर सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। यह छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है।

प्रातःकालीन अर्घ्य (8 नवंबर 2024): चौथे दिन, उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, जिसके बाद व्रती अपना व्रत तोड़ते हैं और प्रसाद वितरण करते हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### कोकानपुर में गोवर्धन पूजा महोत्सव मनेगा आज

**कोरर।** गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष कि तरफ इस वर्ष भी गढ़मावली मंदिर स्थित सर्व यादव समाज इकाई कोकानपुर के तत्वावधान में 4 नवंबर सोमवार को रखा गया है। जिसमें शोभायात्रा राम मंदिर कोरर से गढ़ मावली मंदिर कोकानपुर के लिये 10 बजे से प्रारंभ होगा। तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम एवं शौर्य प्रदर्शन के कार्यक्रम होंगे। रात्रि रामचरित मानस का कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

### बगौद में आज भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता

**कुरुद।** दीपावली एवं मातर के पावन पर्व पर जय बजरंग नाट्य एवं मानस मंडली व समस्त ग्रामवासी बगौद के सहयोग से बजरंग चौक बगौद में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर (पूर्व मंत्री एवं विधायक कुरुद विधानसभा) होंगे। वहीं अध्यक्षता श्रीमती मिनाक्षी लीलाराम साहू सरपंच करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि मनीष चन्द्राकर (उपसरपंच), कुलेश्वर चन्द्राकर (पूर्व सरपंच) हीराराम साहू (अध्यक्ष, ग्रा.वि.स.), कृष्णालाल साहू (वरिष्ठ नागरिक), नंदकिशोर चन्द्राकर (वरिष्ठ नागरिक), बेनीराम साहू (वरिष्ठ नागरिक), जानसिंग साहू (वरिष्ठ नागरिक), भारतेन्द्र चन्द्राकर (वरिष्ठ नागरिक), त्रिलोकचंद जैन (वरिष्ठ नागरिक), मालकराम साहू (उपाध्यक्ष, प्रदेश साहू स.), टेकराम ध्रुव (वरिष्ठ नागरिक), घनश्याम चन्द्राकर (पूर्व सरपंच), कृष्णाराव मारकण्डे (पूर्व सरपंच), मोहन लाल साहू (सचिव ग्रा. वि. स.), हुलेश चन्द्राकर (अध्यक्ष, जय चंडी बाल समाज), विष्णुराम साहू (वरिष्ठ नागरिक) होंगे। उक्त प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य पर क्रमशः प्रथम 1201 रु, द्वितीय 7001 रु., तृतीय 4001 रु., चतुर्थ 3001 रु., पंचम 2001 रुपये की पुरस्कार राशि रखा गया है। इसी प्रकार एकल नृत्य पर क्रमशः प्रथम 4001 रु., द्वितीय 3001 रु., तृतीय 2001 रु. एवं चतुर्थ 1001 रु. का इनाम रखा गया है।

### कालेज छात्रों ने लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित



**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं स्वीप प्रभारी कृष्ण कुमार देवांगन, पंकज जैन एवं कुशलचंद चोपड़ा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय प्रांगण में स्वीप दीपावली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी, कैम्पस अंबेसडर एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से स्वीप दीपावली के माध्यम से आगामी नगरपालिका एवं जिलास्तरीय पंचायत चुनाव में सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। विभिन्न जागरूकता नारों के माध्यम से जनसामान्य को मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया। स्वीप प्रभारी कृष्ण कुमार देवांगन ने कहा कि ऐसे छात्र-छात्राएं जो 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष के हो रहे हैं, वे अपना वोटर कार्ड जरूर बनवाएं एवं अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। पंकज जैन ने वोटर कार्ड बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

# राज्य स्थापना दिवस पर नगर के शासकीय कार्यालयों में छाया रहा अंधेरा

## अधिकारी, कर्मचारी की दिखी लापरवाही, कार्यालयों को नहीं किया गया रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगाँव

एक नवम्बर छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश सहित जिले के सभी शासकीय भवनों एवं कार्यालयों में रोशनी एंव दीप प्रज्वलित कर छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस मनाया गया। लेकिन छग के स्थापना दिवस के अवसर पर फरसगांव नगर के कुछ शासकीय कार्यालयों में अंधेरा छाया रहा। अधिकारी एवं कर्मचारियों के लापरवाही के चलते कार्यालय को रौशनी नहीं किया गया।

नगर के बीआरसी कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय और उद्यान विभाग कार्यालय में अंधेरा छाया रहा। इन कार्यालयों में किसी तरह का झालर या दीपों नहीं जलाया गया। जिसके चलते अंधेरा छाया रहा जो अब नगर में चर्चा विषय बन गया। यहीं नहीं 1 नवम्बर और 2 नवम्बर की रात इन कार्यालयों में अंधेरा छाया रहा। यही नहीं 3 नवम्बर की शाम 6 बजे तक किसी भी प्रकार का झालर नहीं लगाया गया था।

रौशनी नहीं की गई थी। जबकि नगर के अन्य कार्यालयों को झालर से रौशन किया गया था। इससे पूर्व वर्ष 2017 में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय में अंधेरा छाया हुआ था, जिसमे कोई भी झालर नही लगाया गया था। जब पत्रकारों के द्वारा अवगत करवाने पर तात्कालीन सीएमओ ने अगले दिन झालर लगवाकर रौशन किया गया था।





### 6 साल फिर लापरवाही

राज्य स्थापना दिवस पर 6 सालों बाद फिर एक बार नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई। जिसके चलते कार्यालय इस वर्ष भी रात को अंधेरे में डूबा रहा। अब देखना होगा कि उच्च अधिकारियों द्वारा ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर क्या कार्रवाई की जाएगी।

## कार्रवाई : बस स्टैंड के मोबाइल दुकान में हुई थी लाखों की चोरी

# मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, छह मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

बस स्टैंड में स्थित मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले दो चोरों ने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास चोरी किए गए पूरे मोबाइल व नकद को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने रिपोर्ट के 24 घंटे के अंदर चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

- चोरों को पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार
- आरोपियों के कब्जे से चोरी किया पूरा सामान और नकदी हुआ बरामद

पुलिस के अनुसार केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरगांव निवासी प्रार्थी जितेंद्र गांधी ने 2 नवंबर की सुबह केशकाल थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाया कि 1 व 2 नवंबर की दरमियानी रात बस स्टैंड स्थित प्रार्थी की मोबाइल दुकान पर अज्ञात चोर द्वारा मोबाइल एवं काउंटर में रखे नकदी पैसे करीबन 20 हजार रुपए को पार कर दिया है। अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की सूचना प्राप्त हुई है। जिससे थाना स्टाफ मौका



मुआयना कर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 331 (4) एवं 305 (ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के डी पटेल के मार्गदर्शन पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में अज्ञात चोरों की पतासाजी के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल के साथ जिला सायबर सेल के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए अज्ञात चोरों की पतासाजी शुरू की गई।

केशकाल पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए तकनीकी संसाधनों की मदद से घटना में संलिप्त दोनों आरोपियों की पता तलाश शुरू की। इस दौरान सीसीटीवी फूटेज एवं चोरी किए गए मोबाइल की आईएमईआई नम्बर के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि संदेही सोनू उर्फ गोपाल यादव जो बिगत 3 वर्षों से केशकाल में ही किराए के मकान में निवासरत है, उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी सोनू यादव से पूछताछ करने पर उसने अपने दोस्त संतोष विश्वकर्मा के साथ मिलकर घटना दिनांक की मध्यरात्रि को गांधी मोबाइल में शटर को उठाकर अंदर घुसकर अलग अलग कंपनी के मोबाइल नग एवं काउंटर में रखे चिल्हर नगद रुपए को चोरी करना स्वीकार किए। संदेही आरोपी सोनू यादव उर्फ गोपाल से 3 मोबाइल तथा नकद 6708 बरामद किया गया। आरोपी संतोष विश्वकर्मा के कब्जे से 3 नग मोबाइल व नकदी 10860 रुपए कुल जुमला 1 लाख 60 हजार 728 रुपए बरामद किया गया। दोनों आरोपियों द्वारा अपराध करना स्वीकार करने के परिणास्वरूप आरोपियों को आज को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है।

### कार्रवाई में इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

सम्पूर्ण कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी डीएसपी सतीश भार्गव, थाना प्रभारी निरी. विकास बघेल, उपनि, संजय बट्टी स.उ.नि हेमंत देवांगन, प्र.आर. माधुरी रावते, प्र.आर. अजय बघेल, ऋतुराज सिंह ललित नेत्ताम, आर. अजय देवांगन, संतोष कोडोपी, बीजू यादव, अमित मण्डावी, अहिल्या यादव, उमेश मानिकपुरी, मनोहर निषाद की अहम भूमिका रही।

## अलग-अलग सड़क हादसे में एक मृत, तीन घायल

# गोड़मा घाटी में बाइक से गिरे दो ग्रामीण, एक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगाँव



क्षेत्र के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र के गोड़मा घाटी में रविवार को दोपहर में बाइक सवार दो ग्रामीण सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसमे एक कि मौत हो गई वही एक घायल हो गया जिसे फरसगाँव अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम बड़ेराजपुर पांडेपारा निवासी राम प्रसाद नेताम पिता राजूराम और रामलाल नेताम पिता घसियाराम यह दोनों बाइक में सवार होकर गोड़मा की ओर जाने के दौरान गोड़मा घाटी में अनियंत्रित होकर रोड किनारे गिर गए। दो गम्भीर रूप से घायल हो गये। बड़ेडोंगर थाना पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार हेतु फरसगाँव अस्पताल लाया। जहा डॉक्टरो ने रामप्रसाद नेताम को मृत घोसित कर दिया। रामलाल नेताम का उपचार जारी है। बड़ेडोंगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर जांच कर रही है।

- पांडेपारा निवासी दूसरा सवार हुआ घायल

### बाइकों में सीधी भिड़त होने से दो सवार घायल



**फरसगांव।** नगर के रांधना रोड पर स्थित सिन्हा खाद दुकान के पास शनिवार की रात 10 बजे दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में ग्राम छोटेठेमली निवासी हीरालाल सलाम पिता रैनु सलाम उम्र 24 और सम्बलपुर निवासी विनय कुमार पिता धनीराम उम्र 25 घायल हो गए। सूचना पर फरसगाँव थाना पुलिस ने दोनों घायलों को पुलिस वाहन से तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। विनय के सर में गम्भीर चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया। वही घायल हीरालाल का उपचार फरसगांव अस्पताल में चल रहा है।

## कलेक्टर ने दिलाई सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा





**धमतरी।** सतर्क भारत समृद्ध भारत के तहत जिले में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बंग समाज ने पूजा-अर्चना के बाद मां काली की प्रतिमा का किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नगर में बंग समाज के लोगों द्वारा दीवाली की रात नगर के काली मंदिर स्थल पर बड़े ही धूमधाम से मां काली की प्रतिमा की स्थापना की गईं। दिनभर भक्तों के द्वारा काली मंदिर स्थल पूजा अर्चना के बाद 3 नबम्बर को काली माता की प्रतिमा के विसर्जन किया गया। बंग समाज के लोग नचाते गाते नगर में भ्रमण करते हुए मां के जयकारों के साथ प्रतिमा को तालाब में विर्सजन करने पहुंचे। भक्तों ने नम आंखों से माता को विदाई दी। ढोल बाजा के साथ श्रद्धालु ने मां के जय-जयकार के साथ मां काली की मूर्ति का विसर्जन किया।

## अंचल में धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

दीपावली के पांच पर्वों की लड़ी में शामिल भाईदूज का पर्व 3 नवम्बर रविवार को क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सुबह ही घरों में इस पर्व की धूम शुरू हो गई थी। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर जहां उनकी लंबी आयु की कामना की। भाइयों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने प्रेम को दर्शाया। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों को तिलक लगाने के बाद नारियल आदि भी दिए। इस पर्व पर शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति रहा होगा जिसके माथे पर लाल रंग का तिलक न सजा हो अन्यथा सबके माथे पर लगे टीके भाई दूज पर्व की महत्ता का अहसास करा रहे थे। परिवार के जहां बड़े सदस्यों ने इस पर्व की परंपरा को निभाया वहीं छोटे-छोटे बच्चों पर भी इस पर्व का रंग खूब देखा गया। बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया।

- भाई-बहन के पवित्र प्यार का प्रतीक है भाईदूज



### यह है मान्यता

भाई दूज या भैया दूज का त्योहार रक्षाबंधन की तरह भाई-बहन के पवित्र प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उनके कलाई में रक्षा सूत्र बांधती हैं। विवाहित महिलाएं अपने भाइयों को घर पर आमंत्रित कर उन्हें तिलक लगाकर भोजन कराती हैं। वहीं एक ही घर में रहने वाले भाई-बहन इस दिन साथ बैठकर खाना खाते हैं। मान्यता है कि भाई दूज के दिन अगर भाई-बहन यमुना किनारे बैठकर साथ में भोजन करें तो यह अत्यंत मंगलकारी और कल्याणकारी होता है।

## धनतेरस पर जलसा मनाकर किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना से अब हर व्यक्ति का पक्के मकान का सपना फलीभूत हो रहा है। रजनी बाई कमार पति परमेश कमार एवं दयाराम कमार पिता सजारु कमार भी उनमें से एक हैं जो जिले के विकासखंड धमतरी के ग्राम



पंचायत बरारी के आश्रित ग्राम कोटाभर्री के निवासी हैं। दयाराम एवं रजनी बाई की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी कि वह अपने कच्चे घर को पक्के मकान में बदल पाये। बड़ी मुश्किल से दो वक्त की रोटी जुटा पाते थे। पूरे परिवार की जिम्मेदारी दयाराम एवं रजनी पर थी। बरसात में छत से पानी टपकता था, जिससे दीवारों में सीलन और जमीन में नमी बनी रहती थी। इन हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ही एक मात्र सहारा था।

## कंडेल कॉलेज में मिट्टी के 3100 दीये से मनाई गई दिवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय महाविद्यालय कंडेल की रासेयो इकाई द्वारा इस वर्ष भी 3100 मिट्टी के दीए जलाकर स्वदेशी दिवाली मनाई गई। विदित हो कि रासेयो इकाई द्वारा यह परंपरा कंडेल में वर्ष 2023 से प्रारंभ की गई। राष्ट्रीय



सेवा योजना द्वारा शुभ दिवाली, स्वच्छ दिवाली तथा वोकल फॉर लोकल अभियान अंतर्गत देश के मिट्टी के दीए एवं अन्य सामग्री बनाने वाले स्वदेशी कलाकारों से दीए खरीदकर उनके जीवन में रोशनी भरने का कार्य किया। इसी परंपरा का निर्माण करते हुए इस वर्ष भी 26 अक्टूबर को गांधी उद्यान कंडेल में 3100 मिट्टी के दीप जलाए गए।

## पीजी कालेज के रासेयो छात्रों ने किया शिविर का आयोजन

# मरादेव-गंगरेल के 82 ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन तथा जिला संगठक निरंजन कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भीखमचंद साहू, आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में एक दिवसीय स्वासथ्य शिविर मरादेव तथा गंगरेल में आयोजित किया जिसकी थीम यूथ फार माय भारत रही।

शिविर की शुरुआत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से की गई। ग्राम





मरादेव से 56 व गंगरेल से 26 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वयंसेवकों ने मरादेव की गलियों, चौक-चौराहों, गंगरेल मुख्य मार्ग, आंगनबाड़ी परिसर समेत प्राथमिक शाला परिसर की साफ सफाई की। प्राथमिक शाला के बच्चों को स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। सुआ नृत्य का आयोजन भी किया। स्वयंसेवकों द्वारा मरादेव से लेकर गंगरेल तक स्वच्छता रैली, नशा मुक्त रैली, एड्स नियंत्रण एवं जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान एचआईवी एड्स के नियंत्रण एवं बचाव के उपाय बताए गए।

मौके पर स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, विवेक साहू, संकेत कुमार साहू, विभा पाण्डे, मोनिका साहू, केसर साहू, संदीप, ओम मरकाम, रविकांत, रामानंद, प्रहलाद, कुलदीप, परमानन्द, अभिलाषा, वीणा, ललिता, खुशी साहू, नोमिता, टीना, भूमिका, माधुरी, योगेन्द्र निर्मलकर, गोपेश्वर, तिलेश्वरी, डोमेंद्री, आर्यन, लोचन, लक्ष्मण, कौशल उपस्थित थे।

## मिस फेयरवेल भानु, मिस फ्रेशर सीमा बनी

- पीजी कालेज में प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. मनदीप खालसा, प्राध्यापक डॉ. वेदवती देवांगन, डॉ. तामेश्वरी साहू, अतिथि प्राध्यापक डॉ. डेकेश्वरी मण्डावी थे। डॉ. मनदीप खालसा ने नवगठित अर्थशास्त्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। एमए तृतीय सेमेस्टर के



छात्र-छात्राओं ने नवप्रवेशित व भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मीना ने किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि वर्षभर के विभागीय कार्यक्रमों की रूपरेखा सत्र के प्रारंभ में तैयार कर समय पर संपादन किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने मार्गदर्शन दिया। डॉ. वेदवती देवांगन ने विषय ज्ञान के साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागी रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. तामेश्वरी साहू ने व्यक्तित्व विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणोत्तर गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. डेकेश्वरी मण्डावी ने अर्थशास्त्र विषय का महत्व बताया।

पेज 7 के शेष...

### बिगड़ती कानून....

लाला कर्मा, मयतर नाग, हरि मरकाम, बलिराम कश्यप, कुदरुराम राम, सकाराम बघेल, भैरम, मंहगू कवासी, सोजरु, मोतीलाल कुंजाम, लालन नाग, जयदेव, सुरेश, गोविंद बघेल, सोकु मरकाम, मुन्नालाल, सकाराम, बलिराम, मुदोराम, हरचंद, पागु मौर्य, शंकर नाग, बलराम सोढ़ी, सुद्दु, शिवलाल मंडावी, चेतन्न नाग, रामनाथ बघेल, रामचन्द्र मौर्य, लक्ष्मण पोयाम समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चित्रकला के क्षेत्र में बस्तर की गुंज




**जगदलपुर।** राष्ट्रपति भवन संग्रहालय द्वारा संकला फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित आवासीय कला शिविर में ( चित्रकला के क्षेत्र में) राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने गुजराल सिंह बघेल को प्रतिक चिन्हन एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। गुजराल सिंह बादल अकॉडमी में चित्रकला के अंतिम वर्ष के छात्र हैं। बस्तर के गरीब परिवार का छात्र अभाव और विकट परिस्थिति में भी अपने माता पिता गांव परिवार, बस्तर का नाम रोशन किया है। बस्तर के आदिवासी युवा हर क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं हैं उन्हें सिर्फ दिशा देने की जरुरत है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बाबा धीरेंद्र शास्त्री को बस्तर आने का दिया न्यौता



**जगदलपुर।** बागेश्वर बाबा धीरेन्द्र शास्त्री से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव ने आशीर्वाद लिया। भाजपा अध्यक्ष ने एक्स पर बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास में शनिवार की रात्रि बागेश्वर बाबा पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्हें बस्तर आगमन के लिए निमंत्रण दिया। बता दें कि कवर्धा के बाद बाबा बागेश्वर महाराज का कांकेर जाएंगे। बाबा कवर्धा से कांकेर तक हेलीकॉप्टर से जाएंगे। बाबा कांकेर में पहाड़ी वाली भुवनेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। उसके बाद वह कांकेर में विश्राम करेंगे। अगले दिन 4 नवंबर को बाबा बागेश्वर रायपुर जाएंगे।

### राज्योत्सव में विधायक होंगे मुख्य अतिथि

**बीजापुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में 5 नवंबर को बीजापुर के मिनी स्टेडियम में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में विधायक विक्रम उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

## निधन

### आरएन मल्ल



**भानपुरी।** भानपुरी निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य राम नरेश मल्ल (86) का रविवार की प्रातः 5 बजे के लगभग डिमरापाल मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी अंतेष्टी स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिवार सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। हंसमुख मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री मल्ल के निधन से समूचा भानपुरी बंद रहा। वे प्रकाश, गोपाल मल्ल के पिता थे।

### इस प्रकार की घटनाओं से आम जनता में भय

# पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत, बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




आज सुकमा जिला मुख्यालय के बस स्टैंड प्रांगण में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शन का उद्देश्य बलरामपुर जिले में पुलिस कस्टडी के दौरान हुई मौत एवं प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ अपना विरोध जताना था। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जो अपनी आवाज़ को बुलंद करते हुए न्याय की मांग कर रहे थे। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष राजू साहू ने बलरामपुर की घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और पुलिस विभाग में जवाबदेही का अभाव है। इस प्रकार की घटनाओं से आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया है।

नेताओं ने मांग की कि बलरामपुर घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रदेश सरकार को राज्य की कानून व्यवस्था सुधारने और पुलिस विभाग में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

धरना स्थल पर उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने एकजुटता से राज्य सरकार के प्रति अपनी नाराज़गी प्रकट की और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा।

धरने के दौरान सभी ने एकमत होकर न्याय की मांग की और प्रदेश की जनता की सुरक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष महेश्वरी बघेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शेख सज्जार, जगरगुंडा ब्लाक अध्यक्ष अदम्मा मरकाम, सुकमा ब्लाक अध्यक्ष सुनील यादव, दोरनापाल नगरपंचायत अध्यक्ष बबीता मंडावी, उपाध्यक्ष यूथपति यादव, जनपद सदस्य गीता कवासी, जिला प्रवक्ता मो. हुसैन पार्षद प्रताप समरथ ने संबोधित किया।

इस दौरान जिला महामंत्री राजेश नारा, गुलाम मुर्तजा, छिंदगढ़ जनपद सदस्य लखमा गोरे नाग, सेवादल जिलाध्यक्ष मुकेश कश्यप, अज्जू श्रीवास,नीमू साहू, रूपेश साहू, बच्चा कोरी एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाइयों को तिलक लगाकर बहनों ने की लंबी उम्र की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- भाई-बहन का पवित्र पर्व भाईदूज हर्षोल्लास से मनाया गया

नगर व आसपास के ग्रामीण अंचलों में कार्तिक शुक्ल द्वितीया रविवार के दिन भाई-बहन का पवित्र पर्व भाईदूज हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराया और उनके लंबी उम्र की कामना की। फिर भाई-बहनों ने एक साथ भोजन ग्रहण किया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन बहनों के घर भोजन करने से भाइयों को अकालमृत्यु का भय नहीं रहता हैं।

ऐसी किदवंती है कि प्राचीन काल में इस दिन यमराज ने अपनी बहन यमुना के यहां गये थे और उनके यहां भोजन करने के बाद यह वरदान दिया था कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के यहां भोजन करेगा व उनका आशीर्वाद लेगा उसकी उम्र बढ़ जायेगी तथा इसके साथ ही बहनों का सुहाग भी अमर रहेगा।

# जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर ओलम्पिक का आयोजन के तहत 1 नवंबर से 15 नवंबर तक विकासखण्ड स्तर, 20 से 25 नवंबर तक जिला स्तर एवं 26 से 30 नवंबर के मध्य संभाग स्तर पर आयोजन कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में बस्तर जिले में 5 नवंबर से विकासखण्ड स्तरीय आयोजन के अंतर्गत प्रथम चरण में क्लस्टर स्तरीय आयोजन प्रारम्भ होंगे, तत्पश्चात विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 15 नवंबर तक पूर्ण किए जाएंगे। जिला स्तरीय आयोजन 21 से 25 नवंबर के मध्य जगदलपुर में प्रस्तावित है। संभाग स्तरीय आयोजन की तिथि नवंबर के अंतिम साताह या दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह में राज्य स्तर से निर्धारित की जाएगी।

विकासखंडवार 5 नवंबर से विकासखण्ड स्तरीय आयोजन के अंतर्गत प्रथम चरण में क्लस्टर या जोन स्तरीय आयोजन प्रारम्भ हो रहे है जिसमें दरभा विकासखंड के पखनार-1, गुमड़पाल, छिन्दावाड़ा, डीलमिली, चितापुर-1, नेगानार, चिंगपाल छिंदबहार में 5, 6 और 7 नवम्बर को तथा 9 नवम्बर को कोलेंग में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड बास्तानार के पालनार, बड़े किलेपाल, बास्तानार, मूतनपाल और बड़े बोदेनार में 5 और 6 नवम्बर को तथा विकासखंड लोहड़ीगुड़ा में उसरीबेड़ा, गढ़िया, मारडूम और अलनार में 6 और 7 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड बकावण्ड के जैबेल, कोलावल, करपावण्ड, मूली-कुम्हरावण्ड, बकावण्ड, सरगीपाल, करीतगाँव और तारापुर में जोन स्तरीय 6-7 नबम्बर को खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। विकासखंड तोकापाल के घाटधनोरा, बड़ेमोरठ, भेजरीपदर, बड़े मारेंगा, रायकोट और तोकापाल में जोन स्तरीय प्रतियोगिता 7-8 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा।

विकासखंड बस्तर के बस्तर और मधोता में 8 नवम्बर को, 10 नवम्बर को इच्छापुर और तूरपुरा में तथा 12 नवम्बर को बेसोली और घोटिया में आयोजित की जाएगी। विकासखंड जगदलपुर के नगरना, मारकेल-1, कलचा, तितिरगाँव, बिलोरी-1, पुसपाल, नानगुर, जामावाडा, पंडरीपानी और नगर निगम जगदलपुर में 9 नवम्बर को जोन स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### बोरजे में 5 दिवसीय पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन से बढ़ेगा युवाओं का आत्मविश्वासः नीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



चन्द्रक्का माता बॉलीबाल क्लब के तत्वाधान मे 5 दिवसीय पंचायत स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बोरजे में बलिबाई कावरे के स्मृति में किया जा रहा है।

पांच दिवसीय पंचायत स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ रविवार को मुख्य अतिथि नीना रावतिया उद्दे प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्या ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे ने सबसे पहले स्व. बलीबाई कावरे के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नीना रावटिया उद्दे ने अपने संबोधन में कहा कि बोरजे जैसे क्षेत्र में पहली बार पांच दिवसीय पंचायत स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करना क्षेत्र के लिए बहुत ख़ुशी की बात है। जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे ने आगे कहा कि यहां के युवा वर्ग अब क्रिकेट के साथ-साथ बॉलीवाल जैसे खेल को बढ़ावा दे रहे है। इस प्रतियोगिता का पहला मैच पापनपाल और चेरपल्ली के मध्य खेला गया। जिसमें चेरपल्ली की टीम ने टॉस जीतकर सर्विस लेने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरजे के सरपंच रमेश यालम, उपसरपंच ब्रिज कावरे, अंगनपल्ली पाण्डु, जुमार पाण्डु, सुनील मड़े ,राजेश मड़े, दिलीप मड़े, वेंकट अंगणपल्ली,राजू गंधरला के अलावा बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

# दामाखेड़ा आश्रम में हुए हमले पर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बलौदाबाजार जिले के दामाखेड़ा स्थित कबीर पंथ के गुरु प्रकाश मुनि साहेब के आश्रम में शुक्रवार रात हुए हमले की निंदा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने प्रदेश की साय सरकार के विफलता का एक और उदाहरण बताया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में रविवार को कांग्रेस भवन के सामने हुए धरना को संबोधित करते जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि डबल इंजन और रामराज्य के नाम के छलावे में बनी भाजपा सरकार में सतनाम और सत्यनाम के आदर्शों से जुड़ी इस पवित्र भूमि पर इस तरह की हिंसक घटना प्रदेश के लिए शर्मनाक है।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। हर दूसरे-तीसरे दिन कोई न कोई बड़ी घटना हो रही है। उन्होंने गृह मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए।

धरना प्रदर्शन के दौरान जिप अध्यक्ष अध्यक्ष शंकर कुड़यिम, जिपं सदस्या नीना रावतिया उद्दे,नपा बेनहुर रावतिया, नपा उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर के अलावा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरकारी सामुदायिक भवन में संचालित सिनेमा हॉल का संचालन तत्काल बंद हो : श्रीनिवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बीजापुर वासियों के लिए पूर्व की भाजपा सरकार ने नगर के हृदय स्थल पर एक सर्वसुविधा युक्त सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया था जहां अनेक प्रकार के सामाजिक बैठकें, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, शादी समारोह और अन्य सरकारी कार्यक्रम भी निर्बाद रूप से आयोजित किये जाते थे। लेकिन तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने बीजापुर के हृदय स्थल में स्थित सरकारी सामुदायिक भवन को सिनेमा हॉल में तब्दील कर उसे एक कांग्रेसी पार्षद के हवाले कर दिया गया। अब वह कांग्रेसी पार्षद सरकारी सामुदायिक भवन में सिनेमा हॉल का संचालन करते हुए एक मोटी कमाई कर रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि सरकारी सामुदायिक भवन को बीजापुर नगर वासियों से मशवरा किए बिना इस तरह किसी निजी व्यक्ति को सिनेमा हॉल संचालित करने की अनुमति दिया जाना समझ के परे है। सामुदायिक भवन में सिनेमा हॉल का संचालन होने से नगर के लोगों को सामाजिक बैठकें, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, शादी समारोह और अन्य कार्यक्रम आयोजित करने में काफ़ी परेशानी होती है। रेड्डी ने यह भी कहा कि यदि सिनेमा हॉल का संचालन करना ही है तो नियमानुसार अपने निजी भूमि पर सिनेमा हॉल का निर्माण कर सिनेमा हॉल का संचालन करना चाहिए लेकिन आम जनता के लिए बनी सामुदायिक भवन में सिनेमा हॉल का संचालन किया जाना आम जनता के अधिकारों को छीनने जैसा प्रतीत होता है। इसलिए शासन प्रशासन से मांग है कि बीजापुर नगर के सरकारी सामुदायिक भवन में संचालित सिनेमा हॉल का संचालन तत्काल बंद किया जाए और उसे किसी अन्य जगह शिफ़्ट किया जाये ताकि जिले के आम जनता के लिए बनी सरकारी सामुदायिक भवन का उपयोग आम जनता के लिए हो सके।




# गौमाताओं का पुष्प माला पहनाकर किया स्वागत खिलाई खिचड़ी, हरीघांस, रोटी और गुड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

गौ संवर्धन केन्द्र एवं गौशाला टेकनार जिसे जिला प्रशासन दन्तेवाड़ा द्वारा गायत्री परिवार ट्रस्ट को संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई है। वहां गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ गोवर्धन पूजा विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ।

इस पवित्र कार्यक्रम में दन्तेवाड़ा क्षेत्र के भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, उपाध्यक्ष जयदयाल नागेश, जनपद सदस्य सुरेन्द्र भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, गायत्री परिवार ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी एवं गौशाला अध्यक्ष डीआर बघेल, सहायक अध्यक्ष नीलम सिंह ठाकुर, ट्रस्टी त्रिपुरारी सिंह मंडावी, ट्रस्टी गुरु बन्धु सिन्हा, परिव्राजक सहदेव मंडावी, गम्मूलाल यादव, चम्पा साहू, खेमिन साहू समेत गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह पवित्र कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक द्वारा गौशाला परिसर में एक पारिजात वृक्ष एवं एक हरसिंगार के वृक्ष का रोपण किया गया। यज्ञादि कार्यक्रम के पश्चात गौमाताओं को खिचड़ी, नेपियर हरीघांस, रोटी, गुड़ खिलाया गया एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया एवं सभी परिजनों को संकल्पित कराया गया कि हम सब अपने-अपने घरों में गौमाताओं के लिए पहला निवाला गौवंश के लिए निकालेंगे साथ ही कुछ भी खाने का सामान पोलिथिन के साथ नहीं देंगे। इस अवसर पर गौशाला टेकनार के अध्यक्ष डीआर बघेल ने विधायक चैतराम अटामी को गायत्री शक्तिपीठ दन्तेवाड़ा एवं गौशाला टेकनार के लिए आने वाले दिनों में सहयोग देते रहने हेतु आग्रह किया एवं विधायक अटामी ने भी कहा कि हम आपके साथ हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पेंशनर्स की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 नवंबर बुधवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसो. भवन धमतरी में संपन्न होगा। बैठक में पेंशन संगठन के पंजीयन क्रमांक 1844 के न्यायालयीन प्रकरण बाबत चर्चा की जाएगी। सचिव मोतीलाल हिरवानी एवं अध्यक्ष वीरेंद्र नाग ने समस्त सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

## महाप्रभु का प्रसाद पाने जगन्नाथ मंदिर में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता



**धमतरी।** महाप्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर में अन्नकूट का उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रसादी के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। गोवर्धन पूजा के दिन महाप्रभु के दर्शन, पूजन और प्रसाद पाने के लिए मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लक्ष्मीपूजा के दूसरे दिन शहर से लेकर गांव तक गोवर्धन पूजा का त्योहार उमंग उत्साह के साथ के मनाया गया। यह पर्व भगवान कृष्ण और गोवर्धन पर्वत को समर्पित है। गांव गांव में गऊ माता की पूजा कर गोवर्धन खुंदाई की रश्म अदा की गई। मठ मंदिर चौक स्थित महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर में परंपरा का निर्वहन करते हुए अन्नकूट का उत्सव मनाया गया। यहां पर भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। मंदिर में प्रसादी वितरण के लिए 651 किलोग्राम खिचड़ी बनाई गई थी। श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण भाई गांधी ने बताया कि दोपहर 12 बजे भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा की विशेष पूजा अर्चना पं.बालकृष्ण महाराज एवं पं.गौरव शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न करने के पश्चात महाभोग समर्पित किया गया। इस दिन दर्शन पूजन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी, जिन्हें अन्नकूट के बाद प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया।

### विजेता टीम को ट्रॉफी और नगद इनाम से नवाजा गया

# बीआईओसी ने कांकेर को हराकर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





स्व. रतन टाटा की स्मृति में कालीपुर टर्फ क्रिकेट मैदान में ड्यूज बॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बीआईओसी और कांकेर के मध्य खेला गया। जिसमें बीआईओसी की टीम खिताब पर कब्जा किया।

विजेता टीम को ट्रॉफी और 35 हजार नगद इनाम से नवाजा गया। साथ ही बेटिंग, बोलिंग, क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग में सर्वश्रष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नगद समेत व्यक्तिगत पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ क्रिकेटर आनंद मोहन मिश्रा समेत अन्य अथिति के रूप में बस्तर जिला क्रिकेट संघ के जिला सचिव केदार ठाकुर, संदीप जैन, राजकुमार महतो, अभिषेक और सुशील चौहान उपस्थित थे।

टॉस जीतकर कांकेर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने उतरे गुलशन और पार्थ दोनों ही पहले ओवर पर कुल 3 रन बनाकर आउट हुए। बीआईओसी के लिए सौरभ मजूमदार ने 3 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट झटके। वहीं अंकित यादव ने तीन ओवर में 8 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। 95 रनों का पीछा करने उतरी बीआईओसी की टीम ने 15 ओवर में ही यह मुकाबला 2 विकेट खोकर जीत लिया। सलामी बल्लेबाज संयम जैन नाबाद 48 रन और आदित्य सिंह नाबाद 23 रन बनाए। अब्दुल अनस खान शून्य पर और कप्तान जहानुद्दीन ने 7 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हुए। कांकेर के लिए युवराज सिंह ने दो बार 12 रन देकर एक विकेट और गज्जू नाग ने दो ओवर में 17 रन देकर एक विकेट झटके।

विजय टीम को कमेटी द्वारा 35 हजार और रनरअप टीम को 25 हजार और ट्रॉफी दी गई। टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन संयम जैन रहे, जिन्हें 5 हजार नगद और ट्रॉफी दी गई। वहीं टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर सौरव मजूमदार को ट्रॉफी और नगद 5 हजार दिया गया बेस्ट फील्डर का अवार्ड आदित्य गुहा को मिला। वहीं बेस्ट विकेटकीपर गौरव रहे।

# बाघराउर शिवलिंग में छेड़छाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सांसद पहुंचे अति सर्वेदनशील सुदूर ग्राम
- विहीप-बजरंग दल के पहल पर हुई बैठक

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में शनिवार को ग्राम पंचायत कुम्हली अंतर्गत आश्रित ग्राम जीरागांव के बाघराउर की पहाड़ी में स्थित स्वयंभू शिवलिंग में विशेष समुदाय के शरारती तत्वों द्वारा तोड़फोड़ व छेड़छाड़ के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा 12 गांवों के ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया। जिसमें सांसद महेश कश्यप शामिल हुए।

सांसद ने कहा धर्मांतरण का विरोध हमारे लिए सर्वोपरि है। स्थानीय लोगों का कहना था कि यहां बस्तर राज परिवार द्वारा पूजा अर्चना किया जाता रहा है, जिससे इसका पौराणिक महत्व है। शिव रात्रि में तिरिया,कावापाल, कालगुडा, माचकोट, जीरागांव, कुम्हली, माड़पाल अन्य गांवों से भी जन समूह पहुंचते हैं। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के रवि ब्रम्हचारी, प्रेम चालकी, पूर्व सरपंच बलदेव नाग, सरपंच सुखदेव वाकडे, सिकंदर कश्यप, पवन राजपूत, अमन शर्मा, घनश्याम नाग,विवेक शुक्ला, सुदेश कश्यप,कैलाश ठाकुर, नवीन देवांगन, सोन सिंह ठाकुर, धनुर्जय, अनिल अग्रवाल, हिमेश राठौर आसपास के ग्रामीण सम्मलित थे। सांसद के समक्ष नगरनार थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर तत्काल कार्यवाही करने कहा गया।

## आधुनिक और पारंपरिक फसल कटाई...





**जगदलपुर।** बस्तर अंचल में इन दिनों किसान धान कटाई के काम में जुटे हुए हैं। वर्तमान में श्रमिक समस्या के कारण लोग आधुनिक खेती और कटाई पर भी ध्यान दे रहे हैं। बकावंड ब्लाक के करपावंड क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर दोनों ओर कटाई का काम चल रहा था एक तरफ मशीन में एक किसान पूरे खेत में खड़ी फसल को तेजी से बड़ी आसानी से कटाई कर रहा था। वहीं सड़क की दूसरी ओर महिलाएं पारंपरिक रूप से फसल की कटाई में जुटी हुईं थी। इस तरह बस्तर अंचल में खेती किसानी के काम में अब आधुनिक उपकरणों का भी सहारा लिया जा रहा है।

# युवक पर पत्थर से प्राणघातक हमला कर की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- ग्राम मुजगहन की घटना

मामूली बात के चलते दो युवकों ने मिलकर एक युवक पर पत्थर से प्राणघातक हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन निवासी अमितपुरी गोस्वामी पिता महेंद्र 26 वर्ष 31 अक्टूबर गुरुवार को घर से निकला था। दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह मुजगहन आबादीपारा के नया तालाब में अमित की लाश पानी में तैरती मिली थी। युवक के शरीर में सिर के बाएं तरफ चोट के निशान था। मृतक के पिता महेंद्रपुरी गोस्वामी की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस द्वारा 194 बीएनएस कायम कर जांच व पंचनामा कार्रवाई कर जांच में लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को दोपहर शव का जिला अस्पताल के मरच्यूरी में पोस्टमार्टम कराया। तीन डाक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम कर शार्ट पीएम रिपोर्ट दिया। रिपोर्ट में युवक की मौत सिर के बाएं मस्तक भाग की हड्डी फेक्र्चर के कारण होना बताया गया। मृतक की प्रकृति हत्यात्मक प्रकृति का होना लिखा किया गया। जिस पर पुलिस तत्काल धारा 103/1 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर जांच शुरु कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी। आसपास के साक्ष्य एवं मुखबिर से पतासाजी कर आरोपी दीपांशु उर्फ दीप साहू एवं विकासकुमार साहू को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। जिस पर दोनों ने बताया कि मृतक के घूरने की बात पर दोनों में लड़ाई हुई थी। जिसके कारण दोनों आरोपियों ने मृतक के सिर पर पत्थर से प्राणघातक हमला किया। जिसके कारण युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को घटना में प्रयुक्त पत्थर को आरोपी दीपांशु उर्फ दीप साहू से जप्त किया। आरोपियों द्वारा घटना से संबंधित साक्ष्य का विलोपन करना पाए जाने एवं दोनों आरोपियों ने एकराय होकर मृतक की हत्या करना पाए जाने से प्रकरण में धारा 238 बीएनएस एवं धारा 3/5 जोड़ा गया। आरोपियों ने घटना के समय पहले कपड़ा को नया तालाब में फेंकना बताया।

पुलिस ने घटना के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी दीपांशु उर्फ दीप साहू पिता चंद्रशेखर 19 वर्ष व विकास कुमार साहू पिता चंद्रहास साहू 23 वर्ष दोनो ग्राम मुजगहन थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में अर्जुनी थाना प्रभारी सन्नी दूबे, एसआई एलएम मंडेलश्वर, एसआई उत्तम निषाद, प्रआ खोमेंद्र भारद्वाज, भूनेश्वर साहू, विजयपति, आरक्षक प्रदीप साहू, सायबर से प्रआ लोकेश नेताम, फनेश साहू, मुकेश मिश्रा सहित अर्जुनी थाना व सायबर की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# पांच दिवसीय दीपोत्सव का पर्व अंचल में हर्षोल्लास मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्योहार पांच दिवसीय दीपावली का त्योहार अंचल में हर्षोल्लास मनाया गया। अंधकार पर प्रकाश का विजय का पर्व पर भक्तों ने प्रथम दिन धनतेरस पर भगवान धनवंतरि की पूजा अर्चना की। दूसरे दिन 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी पर यमराज की आराधना कर 14 दीपों का दान किया।

31 अक्टूबर को दीपावली पर माता लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, सरस्वती सहित सर्व देवी-देवता की पूजा कर मनोवांछित फल की कामना की। इस बार दीपावली का पर्व दो दिन मनाया गया। शहरी इलाकों में 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन तो वहीं 1 नवम्बर को ग्रामीण इलाकों में दीपोत्सव का पर्व मनाया गया। दीपावली पर भ्रम की स्थिति होने के कारण इस बार दो दिन की दीपावली मना। इस मौके पर दीयों की रोशनी से पूरा अंचल जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से त्योहार मनाया। दीये जलाने के साथ इलेक्ट्रिक झालरों से घर आंगन को सजाया गया। आतिशबाजी का दौर पूरे पांच दिन तक चला। गुरूवार को दीपावली पर बाजार देर रात तक गुलजार रहा। खरीदारी करने लोगों की भीड़ रही। शहर के रामबाग से लेकर सदरबाजार, घड़ी चौक, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री सहित सभी मार्गों में जमकर ग्राहकी रही। किराना, बर्तन, सराफा आटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक आदि की दुकानों में भीड़ रही। सराफा व्यापारी स्वरूपचंद जैन, ललित जैन, ज्ञानचंद लुनावत, आटोमोबाइल सेक्टर के अमित जैन, इलेक्ट्रानिक सेक्टर के हरीश साहू, बर्तन व्यापारी भावेश देवांगन, कपड़ा व्यापारी मुकेश जैन आदि ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस बार सभी क्षेत्रों में व्यापार अच्छा रहा। एक अकेले धनतेरस और दीपावली पर बाजार में 500-600 करोड़ का व्यापार हुआ है। कोरोना काल के बाद ऐसा पहली बार देखने को मिला है। दीपावली पर 5-6 दिन भी ग्राहकी में व्यापारी इस बार गदगद नजर आए। भगवान को भोग लगाने लोगों ने खूब मिठाईयां खरीदी। कुंभकारों का देशी उत्पाद खूब बिका। फूल मालाओं की खूब खरीदारी हुई।

## अधेड़ ने लगाई फांसी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक अधेड़ ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय टिकरापारा निवासी रम्मू निषाद पिता दीनू निषाद उम्र 55 वर्ष शराब सेवन करने का आदी था। अधेड़ ने शुक्रवार की रात्रि अपने घर के लकड़ी के म्यांर में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था। घटना की तत्काल जानकारी हो जाने पर जीवित होने के अंदेशा के चलते परिजनों ने अधेड़ को फंदे से उतार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

# अब्दुल कलाम वार्ड में कांग्रेस ने लगाया जनचौपाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में आज डॉ.ए पी जे अब्दुल कलाम वार्ड में वार्ड भ्रमण के तहत जनचौपाल लगाया गया। मौर्य वार्डवासियों के समक्ष कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों की ओर आकर्षित किया साथ ही कहा कांग्रेस पार्टी आप सभी साथ खड़ी है जो भी सहयोग हो सकेगा किया जायेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, पार्षद सुखराम नाग, पंचराज सिंह, महामंत्री ज़ाहिद हुसैन, रविशंकर तिवारी, असीम सुता, उस्मान रजा, रोशन राज एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

# वनरक्षक बनने शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वन विभाग द्वारा वन रक्षक 235 पदों के लिए 18 नवंबर को 46489 युवक-युवतियों का शारीरिक परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए शहर के वन विद्यालय, डीएफओ दंतेवाड़ा एवं डीएफओ बीजापुर में चयनित किया गया है, जिसकी तैयारी की जा रही है। परीक्षण में युवक-युवतियों को 200 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं गोला फेंक करना पड़ेगा। इसकी जानकारी जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने देते हुए बताया कि वन मंडलाधिकारी बस्तर में 55, कार्य आयोजना में एक, वन विद्यालय में एक, कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान में 11, सामाजिक वानिकी में 20, वन मंडलाधिकारी दंतेवाड़ा में 41, सुकमा में 36, बीजापुर में 10 एवं इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर में 60 पद भरे जाएंगे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय स्टेशनपारा निवासी ओंकार साहू 24 वर्ष ने गुरूवार दीपावली की देर रात्रि अपने घर के म्यांर में कपड़े की रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर सिटी कोतवाली को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच पंचनामा की कार्रवाई कर शव को उतरवा कर जिला अस्पताल भेज दिया है। शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। युवक के आत्महत्या करने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## तोड़ दिया गया शेड, धूप में खड़ी रहती है जनता...





**जगदलपुर।** कलेक्टोरेट में प्रति दिन सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से लोग अपनी फरियाद लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचते हैं। उनके लिए पूर्व में विश्राम करने के लिए काफी लंबा चौड़ा शेड बनाया गया था जहां कलेक्टर के दौरे में रहने से लोग उनकी प्रतिक्षा करने घंटों बैठे रहते थे जहां कुर्सियां भी बड़ी संख्या में लगाई गई थी लेकिन पूर्व कलेक्टर विजय दयाराम के. ने पूरे शेड को तोड़ दिया। उन्होंने वाहन खड़ी करने के लिए स्टैंड के लिए शेड को पूरी तरह से तोड़कर हटा दिया। आज की स्थिति में गांव से आने वाले लोग धूप में खड़े रहकर झुलस रहे हैं जबकि शेड की जगह अब कार और सरकारी चार पहिए वाहन नजर आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ अन्याय किया गया। अब नए कलेक्टर आ चुके हैं उन्हें देखना है कि वे ग्रामीणों के लिए विश्राम हेतु क्या कुछ कर पाते हैं लेकिन अच्छा खास विशाल शेड को तोड़ा जाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
दार्जिलिंग गैंगटोक



4 रात व 5 दिन Ex न्यू जलपाईगुड़ी
14 नवंबर से 18 नवंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411